तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, शुक्रवार 29 अगस्त 2025
बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

14 एनएचएम कर्मियों ने आसमान में मांगों से लिखे गुब्बारे ...



12 सद्बुद्धि यज्ञ में हवन करते हुए संविदा प्रथा दोहरी नीति...



## खबर संक्षेप

### रजत महोत्सव में शामिल होंगे उप मुख्यमंत्री अरुण साव

**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ राज्य के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिला प्रशासन बेमेतरा द्वारा भव्य रजत महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह समारोह टाउन हाल दुर्ग रोड, कंटेली में दोपहर 12 बजे से प्रारंभ होगा। कार्यक्रम में राज्य के उप मुख्यमंत्री अरुण साव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री दयाल दास बघेल विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। महोत्सव की अध्यक्षता दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल करेंगे। इस अवसर पर बेमेतरा विधायक दीपेश साहू, साजा विधायक ईश्वर साहू, अध्यक्ष जिला पंचायत कल्पना योगेश तिवारी, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य तेलघानी विकास बोर्ड जितेंद्र कुमार साहू, जनपद पंचायत बेमेतरा अध्यक्ष हेमा दिवाकर, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ रजककार विकास बोर्ड प्रहलाद रजक, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद विजय सिन्हा तथा भाजपा जिलाध्यक्ष अजय साहू भी उपस्थित रहेंगे। रजत महोत्सव में जिले के जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में आम नागरिक शामिल होकर छत्तीसगढ़ की गौरवशाली 25 वर्षीय यात्रा का साक्षी बनेंगे।

### धारदार चाकू लेकर डराने वाला पकड़ाया

**भिलाई।** चाकू लेकर लोगों को धमकाने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि शिवनाथ नदी रोड जैन मंदिर रोड के पास आने-जाने वाले को चाकू लेकर धमकाने वाला डिपरा पारा कुआ चौक दुर्ग निवासी तामेश्वर उर्फ सोनू पकड़ा गया।

# शिक्षिका केवरा व सुनीता को राज्यपाल पुरस्कार, राजभवन में होंगी सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा


शिक्षक दिवस 5 सितंबर को राज्यपाल रमेन डेका जिले की दो उत्कृष्ट शिक्षिका को राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित करेंगे। बेरला विकास खंड के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कंडरका में कार्यरत नवाचारी शिक्षिका केवरा सेन और शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कंतेली विकासखंड बेमेतरा की नवाचारी शिक्षिका सुनीता राजपूत को राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित करेंगे। नवाचारी शिक्षिका केवरा सेन व सुनीता राजपूत के नाम की घोषणा के साथ ही जिला, विकासखंड के साथ साथ समूचे अंचल में हर्ष है। दोनों नवाचारी शिक्षिका राज्यपाल से सम्मानित होंगी। राज्यपाल पुरस्कारों की घोषणा होते ही सर्वप्रथम नंद कुमार पूर्व शिक्षा सचिव छत्तीसगढ़ जो अभी वर्तमान में महाराष्ट्र मनरेगा विभाग/शिक्षा विभाग में है, साथ ही महाराष्ट्र के राज्यस्त्रोत व्यक्ति नीलेश घुगे ने अति प्रसन्नता जाहिर करते हुए फोन द्वारा ही बधाई दी है।

जिला शिक्षा अधिकारी जी आर चतुर्वेदी, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट के प्राचार्य जे के घृतलहरे, डाइट व्याख्याता थलज कुमार साहू, कंडरका के प्राचार्य राजेन्द्र झा ने उनके उत्कृष्ट कार्य को देखते हुए बधाई दिये है। लव साहू पूर्व विकास खंड शिक्षा अधिकारी बेरला, बीईओ बेरला जय प्रकाश करमाकर, बीआरसी बेरला खोम लाल साहू, एबीईओ नारायण ठाकुर, अधेश उइके, सुरेन्द्र पटेल सीएसी, व्याख्याता भुवन ▶▶| शेष पेज 13 पर

## शिक्षक दिवस 5 सितंबर को राजभवन में राज्यपाल करेंगे सम्मानित

### केवरा बच्चों को सीखा रहीं जापानी भाषा

नवाचारी शिक्षिका केवरा सेन छत्तीसगढ़ की अकेली शिक्षिका हैं जिन्होंने पहले स्वयं जापानी भाषा सीखी। उसके पश्चात अब अपने विद्यालय के बच्चों को जापानी भाषा सीखा रही है। अन्तर राज्यीय महाराष्ट्र के बच्चों के साथ ऑनलाइन वार्तालाप भी करतीं हैं। उनके द्वारा लिखी पुस्तक बेसिक जापानी भाषा का विमोचन महाराष्ट्र के तत्कालीन राज्यपाल रमेश बैस द्वारा किया गया था। उनकी लिखी हुई इस किताब के आधार पर छत्तीसगढ़ राज्य के साथ साथ महाराष्ट्र के बच्चे भी जापानी भाषा सीख रहे हैं। उनके विद्यालय के बच्चे अब स्पोकन इंग्लिश भी समूह में सीख रहे हैं। विद्यालय में बच्चों के लिए बचत बैंक भी खोले हैं।





### सुनीता नवाचार के माध्यम से बच्चों को दे रहीं विविध शिक्षा

सुनीता राजपूत शिक्षिका शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कंतेली ने शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली, विद्यालय के प्रति समर्पण की भावना रखने वाली नवाचारी शिक्षिका है। कोरोना महामारी के समय ऑनलाइन क्लास लेना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ को अत्यधिक महत्व देना, कमजोर बच्चों पर विशेष ध्यान देना, आर्थिक रूप से पिछड़े हुए बच्चों को भरपूर सहयोग करती हैं। शिक्षक पालक संपर्क पर सतत प्रयास करना, नवाचारी गतिविधियों के माध्यम से कक्षा में अध्यापन कार्य कराना शिक्षा एवं कला साहित्य पर अध्यापन कार्य करना व्यावसायिक शिक्षा पर बच्चों को अधिक से अधिक शिक्षा देना।

## घटना

### ग्रामीणों ने कहा- ढलाई के दौरान ठेकेदार और न ही कोई इंजीनियर मौके पर मौजूद था

# मनियारी में सांस्कृतिक मंच की छत ढलाई के दौरान भरभराकर गिरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जनपद पंचायत बेरला के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत मनियारी में बन रहे सांस्कृतिक मंच का छत ढलाई के दौरान भड़भड़ाकर गिर गया। यह एक बड़ी दुर्घटना होते-होते बच गई, क्योंकि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, हालांकि काम कर रहे मजदूर बाल-बाल बच गए। ग्रामीणों, जिनमें छवि निर्मलकर, दुजेराम यादव, गीतेश्वर साहू और अन्य शामिल हैं, ने इस घटना के लिए ठेकेदार और संबंधित इंजीनियर को जिम्मेदार ठहराया है। उनका कहना है कि जब छत की ढलाई का काम चल रहा था, तब न तो ठेकेदार और न ही कोई इंजीनियर मौके पर मौजूद था। उन्होंने आरोप लगाया कि यह घटना घटिया निर्माण और गुणवत्ताहीन सामग्री के उपयोग का नतीजा है। अगर मजदूर घटना के समय नीचे होते, तो बड़ी जनहानि हो ▶▶| शेष पेज 13 पर

- बड़ा हादसा टला, कोई हताहत नहीं



### घटिया सामग्री और लापरवाही के आरोप

ग्रामीणों के अनुसार, निर्माण कार्य बिना किसी माप-दंड या मानक लेआउट के किया गया था। इस लापरवाही और घटिया सामग्री के उपयोग के कारण ही छत ढलाई के दौरान ही गिर गई। उनका मानना है कि अगर यह छत बाद में गिरती, तो और भी बड़ा हादसा हो सकता था। उन्होंने इस घटना और निर्माण एजेंसी के खिलाफ उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। यह घटना दिखाती है कि सरकारी योजनाओं में किस तरह से लापरवाही बरती जा रही है, जिससे जनता का पैसा बर्बाद हो रहा है और उनकी सुरक्षा खतरे में पड़ रही है। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से इस मामले को गंभीरता से लेते हुए दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने और यह सुनिश्चित करने की अपील की है कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

### सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग

ग्रामीणों का कहना है कि यह केवल एक निर्माण का मामला नहीं है, बल्कि यह सार्वजनिक सुरक्षा और सरकारी परियोजनाओं में पारदर्शिता की कमी का भी मामला है। उन्होंने इस पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच कराने और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

# खाद विक्रय में अनियमितता पर तीन केंद्रों का उर्वरक प्राधिकार पत्र निरस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

उर्वरक की कालाबाजारी, तस्करी, डायवर्सन, जमाखोरी, अधिक कीमत पर विक्रय, अमानक एवं नकली खाद के विक्रय पर रोक लगाने निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। उर्वरक निरीक्षक डॉ. श्याम लाल साहू द्वारा औचक निरीक्षण के दौरान विभिन्न खाद विक्रय केन्द्रों में गंभीर अनियमितताएं पाई गईं।

पाए गए प्रकरणों में स्कंध पंजी एवं बिल बुक का संधारण नहीं करना, स्कंध एवं निर्धारित दर का प्रदर्शन नहीं करना, उर्वरक निरीक्षक को आवश्यक जानकारी उपलब्ध न कराना तथा पीओएस मशीन से खाद वितरण न करना प्रमुख रूप से शामिल है। कारण बताओ नोटिस जारी किए जाने के बावजूद संतोषजनक उत्तर प्राप्त न होने पर संबंधित विक्रेताओं के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की गई है। प्राधिकृत अधिकारी सह उप संचालक कृषि मोरध्वज डड़सेना ने उर्वरक (नियंत्रण) ▶▶| शेष पेज 13 पर

- कालाबाजारी सहित अन्य अवैध कार्यों को रोकने चलाया जा रहा निरीक्षण अभियान

### पहले दो केंद्रों का लाइसेंस किया जा चुका है निरस्त

निरस्तीकरण के बाद इन केन्द्रों पर भंडारण एवं विक्रय से संबंधित किसी भी प्रकार का व्यवसाय प्रतिबंधित रहेगा। जिला कृषि विभाग ने स्पष्ट किया है कि किसानों को समय पर गुणवत्तापूर्ण खाद उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस हेतु जिला एवं ब्लॉक स्तरीय टीमों द्वारा खाद वितरण की नियमित निगरानी की जा रही है और अनियमितता पाए जाने पर उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि हाल ही में 2 उर्वरक विक्रय केन्द्रों के लाइसेंस निलंबित भी किए जा चुके हैं।



## खबर संक्षेप



### हिंदी के शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

**भिलाई।** कक्षा छठवीं के नवीन पाठयपुस्तकों पर शिक्षकों का हिंदी विषय पर प्रशिक्षण रिसाली आत्मानंद स्कूल में विकासखंड स्तरीय शिक्षक प्रशिक्षण दुर्ग ब्लॉक का आयोजित किया गया। जिसमें सरस्वती देवांगन, प्रेमलता गुप्ता, साइंस कुमारी नेताम, खेमराज साहू बीआरजी द्वारा विषय आधारित प्रशिक्षण दिया जा रहा, प्रशिक्षण के साथ पाठ्य सहगामी क्रिया कलापों पर पाठ प्रदर्शन,साथ ही देवेंद्र तिवारी, प्रधान पाठक द्वारा योग के महत्व को बताया गया। डाइट से संगीता साहू द्वारा पाठ को बच्चों तक सहजता से संप्रेषित करने की बात कही। नेम सिंह साहू वरिष्ठ संकुल समन्वयक ने कहा कि पाठ पढ़ाने के पूर्व शिक्षक पूरी तैयारी के साथ कक्षा में उपस्थित रहे। पाठ में आ रही गतिविधियां भी कक्षा में कराई जाय, पाठ का शीर्षक एवं कवि एवं रचनाकार के बारे में भी जानकारी बच्चों को दें। समय-समय पर शिक्षकों द्वारा गीत, पाठ प्रदर्शन, जादू, खेल, शिक्षण अधिगम सामग्री निर्माण, कला शिक्षा,व्यावसायिक शिक्षा की भी जानकारी बीआरजी ग्रुप द्वारा दिया जा रहा। समय समय पर विकासखंड शिक्षाधिकारी राजेश्वरी चंद्राकर, बीआरसी श्रवण सिन्हा द्वारा भी शिक्षकों को मार्गदर्शन दिया गया।

### राष्ट्र भक्ति जीवन का आधार : विश्वनाथ

**दुर्ग।** शासकीय पॉलीटेक्निक में प्रथम सेमेस्टर के नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए विवेकानंद यूथ सर्कल द्वारा अखण्ड भारत विषय पर परिचयात्मक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रीय चिंतन और समर्पण की भावना को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती पूजन और वंदना से हुई। मुख्य वक्ता वरिष्ठ समाजसेवी विश्वनाथ बोगी ने राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर व्याख्यान दिया। प्राचार्य प्रकाश कुमार पाण्डेय ने स्वागत भाषण में विद्यार्थियों को कार्यक्रम की उपयोगिता समझाई और राष्ट्र भक्ति को जीवन का आधार बताया।

# 20 लाख से बुधवारी बाजार में लगा पेवर ब्लॉक, नहीं होगी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 59 और 21 स्थित पटरी पार बुधवारी बाजार में श्रीगणेश चतुर्थी पर विकास की नई सौगात मिली। कैबिनेट शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने महापौर अलका बाघमार, सभापति श्याम शर्मा, आयुक्त सुमित अग्रवाल एवं पार्षदों की उपस्थिति में पेवर ब्लॉक टाइल्स लगाने के कार्य का लोकार्पण किया।

यह कार्य 15वें वित्त आयोग की स्वीकृति अंतर्गत कराया गया है। बाजार क्षेत्र में 25 हजार स्क्वायर फीट हिस्से को कवर करते हुए पेवर ब्लॉक टाइल्स बिछाए गए हैं, जिस पर लगभग 20 लाख रुपये की लागत आई है। इस कार्य की घोषणा पिछले गणेश पक्ष में पार्षदों की मांग पर विधायक द्वारा की गई थी। गणेश चतुर्थी के शुभ पर्व पर इस घोषणा को साकार कर नागरिकों को समर्पित किया गया।

लोकार्पण अवसर पर सभापति श्याम शर्मा, आयुक्त सुमित अग्रवाल, एमआईसी सदस्य नरेंद्र बंजारे, देव नारायण चंद्राकर, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, काशीराम कोसरे, पार्षद विद्यावती सिंह, नीलम शिवेंद्र परिहार, गुलाब वर्मा, साजन जोसफ, सावित्री दमाहे, शिवेंद्र परिहार, अरुण सिंह, मनोज सोनी, खालिफ रिजवी सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान बाजार क्षेत्र में उत्साह का माहौल बना रहा और लोगों ने विकास कार्यों के लिए निगम टीम की सराहना की।

### जनता की सुविधा और विकास प्राथमिकता

कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव ने कहा क्षेत्र की जनता की सुविधा और विकास हमारी प्राथमिकता है। बुधवारी बाजार हजारों लोगों की रोजमर्रा की ज़रूरतों से जुड़ा हुआ है। यहां पेवर ब्लॉक टाइल्स का काम पूरा होने से लोगों को बेहतर और साफ वातावरण मिलेगा। आने वाले समय में सरकार और निगम मिलकर ऐसे और कार्य करेंगे, ताकि नागरिकों को सुविधा और समुचित वातावरण मिल सके।

### मंत्री गजेंद्र यादव आयोजन में हुए शामिल




### रंग रोगन व लाइटिंग की भी व्यवस्था होगी

महापौर अलका बाघमार ने कहा नगर निगम का लक्ष्य है कि शहर के हर बाजार और वार्ड में साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था और सुदृढ़ आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। बुधवारी बाजार पटरी पार क्षेत्र के नागरिकों के लिए महत्वपूर्ण स्थान है, यहां पेवर ब्लॉक टाइल्स के साथ-साथ रंगरोगन और लाइटिंग की बेहतर व्यवस्था भी कराई गई है। इससे बाजार का स्वरूप निखरकर सामने आया है और नागरिकों को सुविधाजनक माहौल मिलेगा।

## हड़ताल : राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारी पिछले 10 दिनों से धरने पर

# सद्बुद्धि यज्ञ में हवन करते हुए संविदा प्रथा दोहरी नीति व आश्वासन का किया स्वाहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

**जिला अस्पताल के सामने बुधवार को अनोखा प्रदर्शन, शासन-प्रशासन से दोहराई मांग**

एनएचएम कर्मियों ने दसवें दिन हड़ताल स्थल पर ही सदबुद्धि यज्ञ किया। हवन करते हुए कर्मियों न संविदा प्रथा, दोहरी नीति और आश्वासन का स्वाहा -स्वाहा जाप करते रहे। खास बात यह रही कि हवन के दौरान कई एन एच एम कर्मचारी द्वारा नरेन्द्र मोदी , मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, छत्तीसगढ़ के दोनों डिप्टी सीएम अरुण साव व विजय शर्मा, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, वित्त मंत्री ओ पी चौधरी का मुखौटा पहने शामिल हुए। हवन के द्वारा प्रार्थना की गई कि भगवान इनको सदबुद्धि दे और एनएचएम कर्मचारियों को रेगुलर कर संविदा प्रथा और संविदा भर्ती बंद दे।



### हड़ताल स्थल पर ही महिलाओं ने मनाया तीजा पर्व

छत्तीसगढ़ का प्रमुख त्योहार तीज पर्व पर भी कई महिला एनएचएम कर्मी ऐसी थी जो हड़ताल में बकायदा शामिल हुई। अपने बच्चों तक को लेकर यहां आई। इस दौरान पर्व का नजारा पंडाल में ही दिखाई दिया। महिलाएं एक दूसरे के हथेली में मेंहदी लगाई। भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना की और इस पर्व को अनूठे अंदाज में मनाया।

### कोरोनाकाल में जान जोखिम में डाला

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मियों का कहना है कि कोरोना काल में जहां पुरे देश में कोरोना महामारी के चपेट में थी । उसी समय यही स्वास्थ्य विभाग के एन एच एम के अधिकारी से लेकर कर्मचारी अपने जान को जोखिम में डालकर आम जनता की सेवा की । उन्हें कोरोना से खुद के मृत्यु होने का डर भी नहीं था । वे अपने परिवार और अपने छोटे बच्चों को घर में छोड़कर कोरोना से पीड़ितों के उपचार में अपना जीवन व्यतीत किये। पर अभी छत्तीसगढ़ की सरकार उनकी मांगों को पूरा नहीं कर रही है। एन एच एम के कर्मचारियों का सैलरी इतना कम है । कि उनसे ज्यादा मजदूरी करने वाले लोग कमाते हैं। एन एच एम कर्मचारियों को अपने परिवार तथा घर का रोजी रोटी चलाने में बहुत दिक्कत का सामना इस मंहगाई में करना पड़ रहा है।

### स्वास्थ्य सेवाएं ऐसे हो रही प्रभावित

एनएचएम कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष डॉ. आलोक शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ के सभी छोटे सरकारी अस्पताल प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र और उप स्वास्थ्य केन्द्र बंद है। वहां के डाक्टर ,स्टाफ नर्स, लैब टेक्नीशियन तथा सभी एन एच एम कर्मचारी हड़ताल पर जाने से स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा गई है। साथ ही जिला चिकित्सालय दुर्ग में मरीजों की संख्या बहुत बढ़ गयी है। जिला चिकित्सालय दुर्ग के 60 प्रतिशत कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने से रेगुलर स्टाफ पर काम का लोड बढ़ गया है। जिला चिकित्सालय दुर्ग में आईसीयू , एस एन सी यू ,डी ई आई सी के सभी एन एच एम के डाक्टर ,नर्स और चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी हड़ताल पर जाने से मरीज को बहुत परेशानी हो रही है। साथ ही श्रवण जांच केंद्र पूरी तरह बंद है। हमर लैब के स्टाफ की कमी के कारण बीएससी नर्सिंग के बच्चे सैंपल निकल रहे हैं। और रिपोर्ट बांट रहे हैं। और जिला चिकित्सालय दुर्ग में स्टाफ की कमी के कारण हमर लैब ,सभी वार्ड, ब्लड बैंक, एक्स रे लैब , सोनोग्राफी लैब में भी बीएससी नर्सिंग और जीएनएम नर्सिंग स्टूडेंट की ड्यूटी लगाई गई है। ट्रेनिंग में आने वाले बीएएमएस जो अनुभवी नहीं है। ऐसे डाक्टर की ड्यूटी लगाकर काम चलाया जा रहा है। और मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। तथा सभी गांवों में टीकाकरण का काम प्रभावित है। छोटे बच्चों को टीका नहीं लग पा रहा है। साथ ही टी बी के मरीजों को भी परेशानी हो रही है। क्यो दवा उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। तथा उनकी काउंसलिंग का काम भी बंद हैत।

# पूरे 11 दिन चलेगा शहर में विशेष स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

गणेश चतुर्थी का पर्व शहर में उल्लास और भक्तिभाव के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर नगर पालिक निगम ने नागरिकों से स्वच्छता बनाए रखने की अपील की है। महापौर अलका बाघमार

- **आयुक्त सुमित अग्रवाल ने जारी किए निर्देश**

और आयुक्त सुमित अग्रवाल ने संयुक्त बयान में कहा कि गणेशोत्सव के दौरान पंडालों और घरों में विशेष साफ-सफाई की व्यवस्था अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि यह पर्व केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं है, बल्कि यह हमारी सामाजिक जिम्मेदारी और संस्कृति का भी हिस्सा है कि हम अपने शहर को स्वच्छ बनाए रखें। निगम प्रशासन की ओर से सभी वार्डों में विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा। जहां-जहां गणेश पंडाल स्थापित होंगे, वहां सफाईकर्मी नियमित रूप से कचरा संग्रहण करेंगे। निगम प्रशासन ने पहले से ही सफाई कर्मचारियों को निर्देशित कर दिया है कि वे पूरे त्यौहार के दौरान अलर्ट मोड पर रहें। कचरा संग्रहण के लिए अतिरिक्त वाहन तैनात किए जाएंगे और पंडालों के आस-पास सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। स्वच्छ वातावरण से त्योहार के दिनों में नागरिक स्वस्थ रहेंगे और नगर का वातावरण भी शुद्ध व स्वच्छ बना रहेगा। निगम प्रशासन ने साफ किया कि अकेले प्रशासन से स्वच्छता अभियान सफल नहीं होगा, इसके लिए प्रत्येक नागरिक का सहयोग अनिवार्य है।

त्यौहारी सीजन को देखते हुए निगम ने यह िनर्णय लिया है। वर्तमान में गणेश उत्सव चल रहा है इस वजह से प्रमुख रूप से बाजारों में भीड़ अधिक है। इसके कारण सफाई को लेकर विशेष अभियान चलाए जाने का निर्णय लिया गया है। महापौर अलका बाघमार स्वयं नियमित रुप से वार्डों का निरीक्षण करेंगी। इधर आयुक्त ने सभी सफाई सुपरवाइजरों को आदेशित किया है कि सफाई पर विशेष ध्यान दें।

### महापौर व आयुक्त ने नागरिकों से की अपील

महापौर और आयुक्त ने कहा कि नागरिक भी अपनी जिम्मेदारी समझें। कचरे को कहीं भी न फेंकें, बल्कि उसे निगम द्वारा निर्धारित डस्टबिन या कचरा वाहन में ही डालें। इससे न केवल शहर की सुंदरता बनी रहेगी बल्कि बीमारियों का खतरा भी कम होगा। महापौर अलका बाघमार ने कहा कि गणेशोत्सव का यह पावन अवसर हमें 'स्वच्छ शहर, स्वस्थ नागरिक' का संकल्प दिलाता है। आइए, इस पर्व को हम सब मिलकर न केवल आस्था और श्रद्धा के साथ मनाएं, बल्कि अपने शहर को भी साफ-सुथरा रखने की जिम्मेदारी निभाएं।

# शिक्षानीति की आत्मा है संस्कृत, जिसने बनाया भारत को विश्वगुरु



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

छत्तीसगढ़ संस्कृत शिक्षा सेवा संस्थान द्वारा पन्द्रह दिवसीय संस्कृत महोत्सव का सफल सम्पूर्ति समारोह सम्पन्न हुआ। आभासीय पटल पर लोकप्रिय हुए इस समारोह से उत्तराखण्ड, उत्तरप्रदेश, दिल्ली, मध्यप्रदेश, पंजाब एवं हरियाणा के साथ अन्य प्रदेशों के विशेषज्ञों एवं विद्यार्थियों ने भी गहरी रुचि दिखाई। गुगल मीट पर उन सभी की जिज्ञासा देखते ही बनती।

- **ज्ञान-विज्ञान कोष की कुंजी संस्कृत को जाना जिज्ञासुओं ने**

स्वामी गोविन्द गिरि महाराज अयोध्या, आयोजक संस्थान के अध्यक्ष आचार्य नवीन शर्मा बिलासपुर एवं भिलाई के प्रसिद्ध विद्वा- डॉ.महेशचन्द्र शर्मा ने विशेष रूप से गरिमामय मार्गदर्शन दिया।समापन समारोह के मुख्य अतिथि महर्षि पाणिनि विश्वविद्यालय उज्जैन के पूर्व कुलपति प्रो.रमेशचन्द्र पण्डा ने बताया कि संस्कृत भारतीय ज्ञान परम्परा का मूल आधार है। डॉ.हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर के संस्कृत प्राध्यापक डॉ.नौनिहाल गौतम ने कहा कि ₹ज्ञानभारतम₹ भारत शासन का नया उपक्रम है।

सत्यमेव जयते की तरह पूरे देश की संस्थाओं के आदर्श वाक्य संस्कृत में हैं। छ.ग.संस्कृत विद्यामण्डलम- के पूर्व अध्यक्ष डॉ.सुरेश कुमार शर्मा ने विस्तार से संस्कृत का महत्त्व रेखांकित किया और छत्तीसगढ़ी-संस्कृत शब्दकोश रचना की जानकारी दी। भिलाई के आचार्य डॉ.महेशचन्द्र शर्मा ने कहा कि नाट्यशास्त्र विश्व धरोहर है और नटराज शिव नाटक और नृत्यों के आराध्य देव हैं।

साथ ही 14 माहेश्वर सूत्र उनके डमरू से निकले हैं। आयोजन के सूत्रधार डॉ. मनीष शर्मा ने कहा कि 15 दिवसीय यह ज्ञान यज्ञ और परिचर्चा यह सिद्ध करने में पूर्ण सफल रहा कि ₹ संस्कृत विज्ञान का आधार है₹ । इस दौरान श्लोकपाठ प्रतियोगिता, गीता प्रश्न मंच प्रतियोगिता एवं संस्कृत सम्भाषण प्रतियोगिता में भी सक्रिय भागीदारी रही। इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ की डॉ.पूर्णिमा केलकर, आचार्य मुकेश चौबे, आचार्य युवराज मिश्र, डॉ. रूपेन्द्र राधेश्याम तिवारी एवं आचार्य हेमन्त शर्मा आदि का विशेष सहयोग रहा। इस डॉ. तोयनिधि वैष्णव, डॉ.दिव्या देशपाण्डेय, दुर्गेश नन्दिनी सोनी,सरस्वती श्रीवास्तव, ईश्वरी देवांगन, श्रद्धा दुबे, ईश्वरी प्रसाद साहू , शैलेश कुमार शर्मा, मनोज वैष्णव, पुराणिक निषाद, सन्तोष बघेल एवं रामायण साहू आदि अनेकानेक संस्कृत शिक्षक वृन्द जुड़े रहे।

# साइंस कॉलेज के मनोविज्ञान के छात्र परिषद ने ली शपथ



**दुर्ग।** शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग में मनोविज्ञान छात्र परिषद का गठन किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. उषा किरण अग्रवाल, प्राचार्य चंदूलाल चन्द्राकर, शासकीय पीजी महाविद्यालय, धमधा द्वारा मनोविज्ञान छात्र परिषद के सदस्यों को शपथ दिलाई गई। डॉ. उषा किरण अग्रवाल ने व्याख्यान में व्यक्तित्व विकास एवं मानसिक स्वास्थ्य के विभिन्न पक्षों को उजागर किया। छात्र परिषद की महत्ता को भी रेखांकित किया।

इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ. अभिनेष सुराना ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में मनोविज्ञान छात्र परिषद गठन किए जाने की सराहना की और पदाधिकारियों को अपनी शुभकामनाएं दी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह से अनुमति एवं आर्शीवाद प्राप्त कर मनोविज्ञान छात्र परिषद का गठन किया गया। पदाधिकारियों में अध्यक्ष ईशा राजपूत,उपाध्यक्ष दीपांशु महार, कोषाध्यक्ष अंजली वर्मा, सचिव तान्या देवांगन, सह-सचिव पीयूष शामिल हैं। दीपांशु महार एवं तान्या देवांगन ने कार्यक्रम का संचालन व ईशा राजपूत ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।




### पति-पत्नी ने किया देहदान, सौंपा वसीयत

**दुर्ग।** कसारीडीह कन्हैयापुरी निवासी पूर्व बीएसपी कर्मी कृष्ण कुमार देवांगन एवं उनकी पत्नी श्रीमती कस्तूरी देवांगन ने प्रेरणादायी कदम उठाते हुए देहदान का संकल्प लिया। इस कार्य के लिए उन्होंने अपनी देहदान की वसीयत नवदृष्टि फाउंडेशन के सदस्यों कुलवंत भाटिया, राजेश पारख, रितेश जैन एवं सुरेश जैन को सौंपी।

कृष्ण कुमार देवांगन के पुत्र अनुज देवांगन, उनके भाई आशीष देवांगन, बहु मनीषा देवांगन एवं मालती देवांगन ने इस निर्णय के लिए अपनी सहमति प्रदान की। नवदृष्टि फाउंडेशन के सदस्यों ने देवांगन दंपति के इस मानवता के प्रति समर्पण और देहदान के निर्णय की प्रशंसा की तथा उन्हें शुभकामनाएं दीं।

# शासकीय महात्मा गांधी हायर सेकंडरी स्कूल में खेल सप्ताह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

महिला एवं बाल विकास विभाग दुर्ग द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अन्तर्गत खेल सप्ताह के उपलक्ष्य बालिकाओं की सक्रिय भागीदारी को सुनिश्चित करते हुए

- **बालिकाओं के लिए 100 मीटर दौड़ का आयोजन**

खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बालिकाओं ने उत्सापूर्वक हिस्सा लिया। बालिकाओं के लिए 100 मीटर दौड़ का आयोजन किया गया जिसमें प्रशंसनीय प्रदर्शन किया। दौड़ में बालिकाओं को प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान दिया गया।

जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी अजय कुमार साहू से मिली जानकारी अनुसार इस खेल सप्ताह का मुख्य उद्देश्य, संदेश समाज में बालिकाओं को



आत्मनिर्भर व स्वस्थ जीवन-यापन करने के साथ ही परिस्थिति निर्मित होने की स्थिति में स्कूल, कॉलेज, कोचिंग के मार्ग में अवांछित तत्वों द्वारा छेड़खानी करने, अपशब्दों का प्रयोग करने व पीछा करने की स्थिति में हेल्प लाईन नंबर का उपयोग प्रथमतः वे स्वयं की सुरक्षा करने में कर सकती हैं। इस कार्यशाला में बालिकाओं को खेल का महत्व शारीरिक गतिविधि के लाभ के बारे में बताते हुए अपनी रूचि के खेलों को दैनिक दिनचर्या में सम्मिलित करने की समझाईश दी गई। खेल मनुष्य के मानसिक गतिविधि के लिए भी आवश्यक है शतरंज, लूडो आदि से मनुष्य के मानसिक विकास अत्यंत तीव्र गति से होता है, इसकी जानकारी दी गई। कार्यशाला में महिला एवं बाल विकास की टीम द्वारा विद्यालय में उपस्थित किशोरी बालिकाओं को महिला बाल विकास विभाग की योजनाओं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, सखी वन स्टॉप सेंटर, बाल विवाह रोकथाम, पॉक्सो एक्ट, करियर गाइडेंस, मोबाइल की उपयोगिता, अनजान व्यक्ति, नंबर से सावधानी, घरेलू हिंसा, महिला हेल्प लाइन नंबर 181, चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 की जानकारी दी गई। विद्यालय में उपस्थित प्राचार्य माधुरी देवांगन, शिक्षक एवं विद्यार्थियों को सीता कन्नौज से, महिला सशक्तिकरण केंद्र (हब) से, लक्ष्मीकांत यादव जेण्डर विशेषज्ञ, नमित्ता चतुर्वेदी कार्यालय सहायक, चाइल्ड हेल्प लाइन से सुश्री रेणुका, चन्द्रशेखर नायक, सखी वन स्टॉप सेंटर से कविता डोरले काउंसलर नेमेश्वरी सेन पैरालिगल कार्मिक एवं अन्य उपस्थित रहे।

## शिकायत के बाद भी प्रशासन ने नहीं लिया गंभीरता से, लोगों का गुजरना मुश्किल

# रायपुर नाका अंडर ब्रिज को लेकर लोगों में दहशत, गड्ढों ने बढ़ाई परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

रायपुर नाका स्थित रेलवे अंडर ब्रिज इन दिनों लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। लोग इस ब्रिज से गुजरने को लेकर दहशत में हैं। मार्ग पर जानलेवा गड्ढे और हल्की बारिश के बाद बिजली गुल होने से यह परेशानी सामने आ रही है।

- **10 दिनों में 7 से ज्यादा बार हो चुकी दुर्घटना**

खास बात यह है कि इसे लेकर लगातार नगर निगम और रेलवे के अधिकारियों को वस्तु स्थिति से अवगत कराया जा रहा है। बावजूद इसे अब तक गंभीरता से नहीं लिया गया है। पिछले करीब तीन महीने से ऐसे ही हालात बने हुए हैं। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी इस तरफ ध्यान नहीं दिया है। जबकि पटरीपार के सिंधिया नगर, कातुलबोड़, स्मृतिनगर, तितुरडीह को जोड़ने के लिए यह अंडरब्रिज सबसे अहम माना गया है। खास बात यह है कि महापौर अल्का बाघमार भी स्वयं इस मार्ग से गुजरती हैं, लेकिन उन्होंने भी इसके मेंटेनेंस को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई है।

### पानी जमा होने से गड्ढे हो जाते हैं जानलेवा

जानकारी के मुताबिक रेलवे अंडर ब्रिज में कई जगहों पर बड़े गड्ढे हैं। बारिश होन पर इनमें पानी भर रहा है। पानी भरने के बाद दोपहिया वाहन इससे गुजरते हैं। गड्ढा बड़ा होने की वजह से कई बार सड़क हादसे हो चुके हैं। लोग गिरकर घायल भी हो चुके हैं। गिरने के बाद वे खुद ही उठते हैं, और निगम को कोसकर आगे बढ़ जाते हैं। कमोबेश रोजाना ऐसे ही हालात बन रहे हैं। समस्या लगातार बढ़ते जा रही है। बावजूद जिम्मेदारों ने गंभीरता नहीं दिखाई है।



### हल्की बारिश और तेज हवा के बाद बिजली गुल

स्थानीय लोगों ने बताया कि हल्की बारिश और तेज हवा के बाद अंडर ब्रिज में लगी लाइट बंद पड़ जाती है। इसकी वजह से पूरे ब्रिज में अंधेरा रहता है। ऐसे में कई बार संदिग्ध गतिविधियां भी हो जाती है। शरारती तत्व जोर-जोर से आवाज लगाते हैं। ऐसे समय में महिलाओं और युवतियों का रात के समय इस अंडर ब्रिज से गुजरना मुश्किल हो जाता है। डर की वजह से उन्हें वाइशेप ब्रिज से होकर गुजरना पड़ता है। कुछ लोग मजबूरी के बाद भी इस अंडरब्रिज से गुजरते हैं। करीब 400 मीटर लंबे इस अंडर ब्रिज में कई बार हादसा हो चुका है, लेकिन अब तक सुरक्षा को लेकर ध्यान नहीं दिया गया है।

## खबर संक्षेप



### स्मेफी के सम्मेलन में मजदूरों की जागरुकता पर जोर

**भिलाई** । नेशनल यूनियन ऑफ सी फेयररस एनयूएसआई ट्रेनिंग सेंटर महाराष्ट्र में स्टील मेटल एंड इंजीनियरिंग वर्कर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ( स्मेफी ) की राष्ट्रीय कार्यकारणी की बैठक हुई। स्मेफी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एस डी त्यागी ने अध्यक्षता की। बैठक में स्मेफी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एचएस मिश्रा आदि शामिल हुए। महासचिव संजय बढ़ावकर व स्मेफी के अध्यक्ष एसडी त्यागी ने केंद्र सरकार की .यूनयनों के प्रति उदासीन पर कहा कि केंद्र सरकार सभी उद्योगों में कार्यरत यूनियनों को समाप्त करने के लिए प्रयासरत है। एचएस मिश्रा ने भी गुमास्ता सुरक्षा गार्ड सीमेंट उद्योग चार सहकारी शक्कर कारखाने के साथ पावर प्लांट इंजीनियरिंग एवं निजी इस्पात उद्योगों में भी यूनियन का पंजीयन करवाने की जानकारी दी। संगठन सचिव प्रेम सिंह चंदेल देवेंद्र सिंह आदि ने भाग लिया।

### राष्ट्रीय खेल दिवस पर बीएसपी में होगा मैत्री मैच

**भिलाई**। राष्ट्रीय खेल दिवस पर सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र अपने अधिकारियों और कर्मचारियों (पुरुष एवं महिला) के लिए विविध खेल एवं फिटनेस गतिविधियों का आयोजन करेगा। आयोजन का संचालन क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएँ विभाग के तत्वावधान में 29 अगस्त सुबह 9 बजे सेक्टर-4 स्थित एसएए मैदान में किया जाएगा।

कार्यक्रम के अंतर्गत कर्मचारियों के लिए एथलेटिक्स स्पर्धाएँ 100 मीटर दौड़, भाला फेंक, गोला फेंक और लंबी कूद का आयोजन प्रातः 10.00 बजे से एसएए मैदान में किया जाएगा। टीम खेलों को भी इस कार्यक्रम में शामिल किया गया है। सुबह 7 बजे मरोदा सेक्टर मैदान में मैत्रीपूर्ण फुटबॉल मैच खेला जाएगा, वहीं शाम 4 बजे पंत स्टेडियम, सेक्टर-1 के बास्केटबॉल ग्राउंड में बास्केटबॉल मैच का आयोजन होगा। पुरुष और महिला दोनों वर्गों के लिए प्रतियोगिताएँ होंगी। शिक्षा विभाग द्वारा खेल प्रतिभा सम्मान समारोह भिलाई निवास के बहुउद्देशीय सभागार में किया जाएगा। मुख्य अतिथि ईडी पवन कुमार होंगे।

# ममता के घरौंदा से जुदा हुआ परिंदा 12 घंटे तक जीवन के लिए संघर्ष करता रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

हरभरे ऊंचे दरख्त पर झूलते नीड़ में बेजुबां परिंदे के दो खूबसूरत बच्चे ममता के पंखों की गर्माहट से खुले आसमान तले उड़ने के दिन गिन रहे थे। उनकी मां जब दूधभरे दाने के कण अपनी चोंच से उनकी चोंच में डालती तो चींचीं चींचीं के संगीत से कालोनी के नन्हे मुन्ने बैट बाल भूल खुशी से नाचने उठते थे। लेकिन बदनसीब दोनों नन्हें पखेरुओं को क्या पता था कि स्याह रात में तूफानी बारिश की विपदा शहर के आम लोगों की परेशानी के साथ उनसे ममता का घरौंदा ही नहीं छीन लेगा वरन जान पर भी बन आएगी। लेकिन मारने वाले से बचाने वाला बड़ा होता है, कि उक्ति उस समय चरितार्थ हुई जब मूसलाधार बारिश से सारी रात भीगने से ठिठुरते हुए अपने सहोदर को दम तोड़ता देखने के बाद भी मासूम परिंदे की जिजिविषा कम नहीं हुई। और जब कुछ प्रकृतिप्रेमी संवेदनशील लोगों का उसे स्नेहिल स्पर्श मिला तो उसे नया जीवन मिला।

खुले आसमान तले 12 घंटे तक जीवन और मृत्यु से जीवटता के साथ संघर्ष और सदाशतयता तथा संवेदनात्मक जज्बे की यह प्रेरक दिलचस्प दास्तां भिलाई में बीती रात तेज अंधड़ के साथ घनघोर बारिश की आपदा में छटपटाते दो नवजात बगुलों व उनकी मां की है। सेक्टर 6 पुराने बीएसपी सीनियर सेकंडरी स्कूल भवन के विशाल आम के पेड़ के घोंसले में 20,25 दिन पूर्व मादा बगुला ने दो बच्चों को जन्म दिया था। दस पंद्रह दिन में बच्चे उड़ने की स्थिति में होते।

## 70 फीट ऊंचे पेड़ से नीचे गिरने के बाद घायल बगुला बच्चे को मैत्रीबाग में मिला नया जीवन





### चक्रवात और बारिश, पक्षी परिवार पर कहर बनकर टूटा

बुधवार को तूफानी बारिश और अंधड़ पक्षी परिवार पर भी कहर बनकर टूटा। क्षेत्रवासियों ने बताया कि मां बगुला डाली व घोसले से चिपकी आखिरी दम तक पंखों फड़फड़ाकर रक्षा करती रही लेकिन बिजली चमकते ही तेज हवा से घोंषला नीचे गिर पड़ा और दोनों बच्चे करीबन 70 फीट नीचे गिर पड़े। एक बगुले चूजे ने गिरते ही प्राण छोड़ दिए लेकिन उसके पंखों की गर्माहट से दूसरा बगुला बच्चा एक टांग टूटने के बाद भी 1 घंटे तक यानी गुरुवार को दोपहर 1 बजे तक चोंच खोल व बंद करते हुए जीवन के लिए संघर्ष करता रहा। उसकी जीने की ललक को कुछ प्रकृति प्रेमी सह्रदयी लोगों ने नए पंख दिए और उसे मैत्रीबाग जू पहुंचाकर मैत्रीबाग प्रभारी डां. एनके जैन से उपचार का आग्रह किया। डां. जैन व ललित कुमार आदि ने मरणासन्न बगुला बच्चा को हाथ में लेकर स्नेहिल गर्माहट और कर्मियों ने सत्तू के शरबत की बूंदे चोंच में डालीं। डां. जैन ने बताया कि हाल में एक गल कौएं व 5, 6 विलुप्तप्राय पक्षियों की तह यह घायल बगुला बच्चा विल पावर अधिक होने व यहां बेहतर देखभाल से जल्द सर्वाइव कर जाएगा । उम्मीद है कुछ दिन में उसे एक गल कौएं की तरह खुला आसमान भी मिल जाएगा।

### सेल कर्मचारियों के वेज रिवीजन समझौता की विसंगतियों को अब तक दूर नहीं

# आठ साल से अधूरे चल रहे वेतन समझौते को लेकर बीएसपी कर्मियों को फिर बंधी उम्मीद


हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी सहित हजारों सेल कर्मचारियों को फिर से एक बार आठ साल से लंबित अधूरे वेतन समझौता के पूर्ण होने की उम्मीद बंधी है। यूनियनों के लगातार दबाव के चलते अब दिल्ली में चीफ लेबर कमिश्नर द्वारा बैठक बुलाई गई है। कर्मियों को उम्मीद है कि दिवाली पर उन्हें दोहरी खुशी मिल सकती है।

उल्लेखनीय है कि सेल कर्मचारियों का वेज रिवीजन समझौता की विसंगतियों को अब तक दूर नहीं किया गया है। इसके चलते हजारों कर्मचारियों के 39 महीने के एरियर्स और भत्ते सहित कई सुविधाएं लंबित हैं। इस दौरान कई बार एनजेसीएस यूनियनें सेल स्तर परधरना प्रदर्शन और देशव्यापी हड़ताल कर चुकी हैं। इस बीच एचएमएस के राष्ट्रीय महासचिव संजय वढावकर ने चीफ लेबर कमिश्नर से अपूर्ण वेज रिवीजन से सेल कर्मियों में निरंतर बढ़ रहे असंतोष का ध्यानकार्षण करते हुए जल्द निदान की मांग की। इस पर चीफ लेबर कमिश्नर ने तत्काल संज्ञान लेते हुए नौ सितंबर को दिल्ली में चीफ लेबर कमिश्नर कार्यालय में अपूर्ण वेज रिविजन पर चर्चा करने यूनियन व प्रबंधन की बैठक बुलाई है। यूनियन के मुताबिक इसकी सूचना मिलते ही एनजेसीएस यूनियनों ने रणनीतिक तैयारी शुरु कर दी है और पिछली बार से सबक लेकर पूरी तरह एकजुटता बरतने की कवायद आरंभ कर दी है।

गौरतलब हो कि पिछली एनजेसीएस बैठक में उच्च प्रबंधन ने सर्वसम्मति की परिपाटी से हटते हुए चतुराई से बहुमत की रणनीति अपनाई थी। यूनियनों के मुताबिक इसमें प्रबंधन कामयाब हो गया और पांच केंद्रीय यूनीयन में तीन ने वेज रिवजीन एमओयू पर हस्ताक्षर किए थे। सीटू व बीएमएस ने विरोध करते हुए दस्तखत नहीं किए थे। लेकिन प्रबंधन की रणनीति का एहसास होते ही पांचों यूनियनें पूरी एकजुटता से अपूर्ण वेतन समझौता को पूर्ण करने पिछले आठ साल से लड़ाई लड़ रहे हैं।

## 10 दिन बाद चीफ लेबर कमिश्नर ने दिल्ली में बुलाई बैठक



### हर माह 5 से 6 लाख का नुकसान

सेल वेतन समझौता की विसंगतियों को अब तक दूर नहीं किए जाने से हजारों सेल कर्मियों को भारी आर्थिक नुकसान हो रहा है। उनका 39 महीने का एरियर्स और एचआरए सहित अन्य भत्ते लंबित हैं। यूनियनों के मुताबिक इसके चलते हर कर्मचारी को 5 से 6 लाख रुपए का नुकसान हो रहा है। यदि लंबित एरियर्स का ब्याज जोड लें तो यह राशि डेढ़ गुना हो जाती है। चीफ लेबर कमिश्नर के बैठक के प्रयास से यूनियनों को उम्मीद है कि कर्मियों के साथ न्याय होगा। प्रबंधन हठधर्मिता छोड़ कर्मियों के मनोबल को ऊंचा करने का संदेश देगा।

### दोहरी खुशी मिलने की आशा

कर्मचारियों को दिवाली पूर्व दोहरी सौगात मिलने की आशा है। वे दुर्गापूजा पूर्व सम्मानजनक बोनस के साथ अपूर्ण वेतन समझौता के पूर्ण होने की भी आस लगाए हुए हैं। कर्मियों ने बताया कि यूनियनों को प्रबंधन पर भरसक दबाव बनाने की जरुरत है। गौरतलब हो कि एनजेसीएस यूनियनों द्वारा अब तक वेज रिवीजन की विसंगतियों को दूर करने बीएसपी सहित सेल की सभी यूनिटों में कई बार धरना प्रदर्शन किया जा चुका है। देशव्यापी हड़ताल की जा चुकी है। इसके बाद भी सेल प्रबंधन का ल लेटलतीफी व अड़ियल रवैये से कर्मियों में असंतोष बढ़ रहा है।

### हजारों कर्मचारी हो चुके रिटायर

पिछले आठ साल के दौरान भिलाई इस्पात संयंत्र सहित सेल की सभी यूनिटों के हजारों कर्मचारी रिटायर हो चुके हैं। वेतन समझौता अपूर्ण होने से इन्हें लाखों रुपए का नुकसान हुआ। हायर पेंशन में भी अलग नुकसान हो रहा है। वर्तमान में बीएसपी में करीबन 11 हजार कर्मचारियों सहित पूरे सेल में करीब एक लाख कर्मी कार्यरत हैं। कर्मचारी पीआरपी व वेज रिवीजन में अधिकारियों को महत्व मिलने से भी उपेक्षा महसूस कर रहे हैं। यूनियनों ने भेदभाव खत्म करने की मांग की है।

## मैत्रीबाग में डेढ़ माह बाद खुली कैंटीन, पर्यटकों को राहत





**भिलाई**। मैत्रीबाग में घूमने के लिए आने वालों को अब ब्रेकफास्ट के लिए अब और भटकना नहीं पड़ेगा। करीबन डेढ़ महीने से बंद कैंटीन के खुलने से पर्यटकों ने राहत की सांस ली है। मैत्रीबाग जू में ट्विनसिटी सहित दूरदराज से आने वाले सैलानियों के लिए बीएसपी द्वारा कैंटीन का संचालन पिछले कई सालों से किया जा रहा है। लेकिन डेढ़ माह पूर्व रिन्यू आदि आदि के चलते कैंटीन को बंद कर दिया गया था। पेपर की औपचारिकताओं के बाद कैंटीन का संचालन फिर शुरु कर दिया गया है। कैंटीन के शुरु हो जाने से पर्यटकों ने राहत की सांस ली है। मैत्रीबाग में रोज भिलाई दुर्ग आसपास गावों और दूरदराज से लोग भ्रमण के लिए आते हैं। पर्यटकों ने बताया कि कैंटीन बंद होने से उन्हें गेट के बाहर नाश्ते के लिए जाना पड़ रहा था। अब राहत मिल रही है।

## फल मंडी, केम्प 2, पावर हाउस भिलाई में मोबाइल टावर का विरोध



**भिलाई** । सूर्यानगर, महात्मा गांधी नगर, सतनाम धाम, लिंक रोड केम्प-2, भिलाई के एवं अलंकार काम्लपेक्स, फल मंडी के व्यवसायी द्वारा 2 दिन पहले मोबाइल टावर लगाने को लेकर नगर पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन दिया गया था। आज सुबह फल मंडी में मोबाईल टावर लगाने को लेकर विरोध किया जा रहा है। वहां के नागरिकों का कहना है कि हम मोबाईल टावर से होने वाले मारिरिक एवं मानसिक बिमारी से भयभीत हो गये है। निवास एवं व्यवसाय के पास ही पहले भी टावर लगाने की प्रक्रिया की जा रही थी। जिससे मोहल्ले वालों ने उसका विरोध किया था। जिस कारण वहां टावर नही लगाया गया।और पूर्व स्थल के कुछ मी दूरी पर पुनः टावर लगया जा रहा है। जिस जगह पर टावर लगाया जाने वाला है वहां पर आर्थिक रुप से कमजोर लोग निवासरत है। जिसमें फल विक्रेता , ठेला चलाकर, मजदूरी कर अपना जीवन व्यापन कर रहें है। यहां के नागरिकों का कहना है कि अगर टावर लगता है तो आगे उग्र आंदोलन किया जाएगा। विरोध करने वालों में बिंदु सोनकर, मनोज मखीजा, रमेश वैश्य वकील सोनकर, विजय कुमार जायसवाल, अमित कुमार पांडे, त्रिलोचन सिंह,वार्ड के पार्षद विनोद चेलक उपस्थित थे।

## सुपेला में अघोषित अहाता, खुलेआम हो रही शराबखोरी



भिलाई। सुपेला देशी शराब दुकान के पास इन दिनों अघोषित अहाता का संचालन शुरू हो चुका है, जहां खुलेआम शराबखोरी हो रही है। चखना सेंटर की वजह से आसपास के लोगों को खासी परेशानी उठानी पड़ रही है। प्रशासन की चुप्पी के कारण बेखौफ अहाता का संचालन हो रहा है। इस जगह पर प्रतिबंधित प्लास्टिक का भी उपयोग हो रहा है। चखना सेंटर में पानी पाउच से लेकर अन्य सामान उपलब्ध है। चारों तरफ गंदगी पसरी हुई है। न ही निगम कोई कार्रवाई कर रहा है, न ही आबकारी विभाग ने गंभीरता से लिया है। पुलिस महकमा भी महज खानापूर्ति कर लौट रहा है। नियमतः अहाता संचालन के लिए अनुमति लेनी होती है।। जानकारी के मुताबिक इस जगह पर बिना अनुमति के ही अघोषित अहाता संचालित हो रहा है।

# ठेका श्रमिकों को दें जीने लायक वेतन, प्रतिनिधियों ने रखी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- इंडियन नेशनल इंजीनियरिंग फेडरेशन सम्मेलन



जमशेदपुर में आयोजित इंडियन नेशनल स्टील, मेटल, मेटल माइंस एंड इंजीनियरिंग एम्प्लाइज फेडरेशन के सम्मेलन में भिलाई इंटक के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। ठेका मजदूरों को जीने लायक वेतन की मांग पर जोर दिया गया। देशभर से आए प्रतिनिधियों ने भारत में हो रहे औद्योगिकीकरण और तकनीकी बदलावों पर विमर्श किया।

भिलाई इंटक के प्रतिनिधियों ने कहा कि कंपनियों में तेजी से बढ़ रहे ठेका प्रथा के कारण श्रमिकों के वेतन, नौकरी की स्थिरता और सामाजिक सुरक्षा पर गंभीर प्रभाव पड़ रहा है। ठेका मजदूर स्थाई प्रकृति के कार्य कर रहे हैं एवं उत्पादन और लाभार्जन में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

श्रमिकों को न्यूनतम वेतन के जगह जीने लायक वेतन सुनिश्चित किया जाए।तकनीकी बदलावों के अनुरूप श्रमिकों को कौशल उन्नयन का अवसर दिया जाए एवं काम की गारंटी सुनिश्चित हो कंपनियां श्रमिकों को केवल लागत का साधन न समझें। सम्मेलन में भिलाई से इंटक के अध्यक्ष संजय कुमार साहू और स्टील एंप्लाइज यूनियन इंटक के महासचिव वंश बहादुर सिंह, पीयूषकर एस रवि, दीनानाथ सिंग, शिव शंकर सिंह जीआर सुमन आदि ने शामिल हुए।

## तीजा में उपवास रख आलू के लिए दौड़े, मटका फोड़ में जीता पुरस्कार



**भिलाई**। मां कल्याणी शीतला मंदिर समिति मरोदा टैंक में तीन दिवसीय तीजा तिहार के दूसरे दिन सिर्फ महिलाओं के लिए विविध खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें तीजहारिन महिलाओं के लिए विभिन्न खेलकूद के तहत गोटा, तिरीपासा, फूगड़ी, रंगोली, मेंहदी, मटका दौड़ सुईधागा दौड़, आलू दौड़, जनऊला, सुरीली कुर्सी, गोली चम्मच, धीमी चाल, मटका फोड़ जैसी विभिन्न खेल स्पर्धा हुईं। महिलाओं ने उपवास होने के बाद भी उत्साह पूर्वक विभिन्न खेल कूद में भाग लेकर पुरस्कार जीते। संध्या में माँ कल्याणी के दरबार में फूलेरा तीजा का पूजा-पाठ हुआ। रात्रि में खेलकूद की विजेता तीजहारिन महिलाओं को पुष्कृत किया गया। रात्रि में चम्पा बसन छत्तीसगढ़ी लोककला नाचा पार्टी ग्राम - भकुर्रा (पथरा टोला) का सांस्कृतिक आयोजन हुआ। कार्यक्रम का संचालन समिति के अध्यक्ष शैलेन्द्र शेली व प्रमोद साहु ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से लोकगायिका रजनी रजक, फिल्म कलाकार उपासना रजक, नगर पंचायत उतई की पार्षद संगीता रजक, मुक्तार यादव, पुन्नू यादव, अरुण वर्मा आदि उपस्थित थे।

### निगम आयुक्त राजीव पांडेय ने किया निरीक्षण

# जोन-2 जवाहर सब्जी मंडी रोड जर्जर, निर्माण जल्द होगा शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- उद्यान में कब्जा, तत्काल हटाने के लिए किया निर्देशित

आयुक्त राजीव कुमार पांडेय द्वारा जोन 2 अंतर्गत के एच मेमोरियल स्कूल के सामने निगम स्वामित्व के हरित क्षेत्र का निरीक्षण कि या ग या है । कब्जा मुक्त कर उद्यान निर्माण हेतु शोभायमान एवं फूलदार पौधों के रोपण हेतु निर्देशित किया गया है। निगम आयुक्त द्वारा जवाहर नगर सब्जी मंडी से लगा हुआ रोड का मुआयना किया गया जो कि वर्तमान में जर्जर अवस्था में है। उक्त रोड निर्माण के लिए शासन से स्वीकृति पश्चात निविदा प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है, वर्षा ऋतु पश्चात रोड का निर्माण किया जाएगा।



### आवंटित की जगह में मिले किराएदार

जवाहर नगर सब्जी मंडी जिसकी ज्यादातर दुकानों की स्थिति जर्जर है, यहां गिनती के कुछ ही दुकान संचालित है। संचालित दुकान में आयुक्त द्वारा पूछताछ करने पर आवंटित दुकानदार के बदले किराएदार मिला । निगम आयुक्त द्वारा व्यवस्था में सुधार हेतु कार्यपालन अभियंता अरविंद शर्मा को निर्देशित किया गया है ।

### आम्रपाली पीएम आवास में सफाई के निर्देश

आयुक्त द्वारा आम्रपाली, प्रधानमंत्री आवास योजना से निर्मित कॉलोनी के नाली एवं सफाई व्यवस्था में आवश्यक सुधार हेतु जोन स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा को निर्देशित किया गया है। कुरूद सुंदर विहार स्थित रूरल रोड नेटवर्क मैनेजमेंट यूनिट के बाजू कच्चा रोड है, नवीन पक्का रोड निर्माण में प्राक्कलन अनुसार लगभग 82 लाख रुपए का व्यय होना संभावित है । इस रोड के निर्माण हेतु मोहल्लेवासी कई वर्षो से परेशान है और मांग कर रहे हैं, निगम आयुक्त रोड की दयनीय स्थिति देखकर तत्काल निविदा की प्रक्रिया हेतु निर्देशित किये हैं। भ्रमण के दौरान उप अभियंता अर्पित बंजारे, स्वच्छता निरीक्षक सहित अन्य कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

### एबीयूस अध्यक्ष की पूर्व गृहमंत्री से मुलाकात



**भिलाई**। भारतीय उड़िया समाज की महिला विंग जिला अध्यक्ष जयंती महानंद पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू से मुलाकात किया।श्री साहू ने अध्यक्ष को मिठाई खिलाकर जिम्मेदारी देने पर हर्ष व्यक्त किया है। जंयती महानंद ने कहा कि जिस विश्वास से समाज ने जिम्मेदारी दिया है उसे बेहतर ढंग से निभाउंगी। इस दौरान समाज के अध्यक्ष शंकर निहाल, दायराम बाघ, बबलू निहाल, राहुल दुर्गा मौजूद थे।

## पेज 11 के शेष

### शिक्षिका केवरा व सुनीता ...

लाल साहू, प्रधान पाठक पवन देवांगन, प्रहलाद कुमार टिकरिहा प्रधान पाठक, राजेश यादव, ताकेश्वर साहू, के आर साहू, प्रकाश साहू, जलेश जागड़े, रविशंकर सेन, चेतन साहू, मनीषा कुलकर्णी, अजुंम खान, सागरिका यादव, रागिनी शर्मा, भुवन सिंह ध्रुव, रविकुमार निषाद, राज राजेश्वर राजा एवं समस्त स्टाफ कंडरका संकुल के साथ साथ समस्त लक्ष्य वेध वर्क टीम, एवं ग्राम प्रमुख (सरपंच) रोहित यदु उप सरपंच ने हर्ष किया है।

### मनियारी में सांस्कृतिक ...

सकती थी। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि सांस्कृतिक मंच का निर्माण कार्य लगभग एक साल से चल रहा है, लेकिन कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूरा नहीं हुआ है। इसके अलावा, पूरा काम केवल मजदूरों के भरोसे छोड़ दिया गया था। ठेकेदार और इंजीनियर ने निर्माण स्थल का जायजा लेना भी जरूरी नहीं समझा, जिसके कारण मजदूरों ने अपनी मनमर्जी से काम किया।

### खाद विक्रय में अनियमितता पर ...

आदेश 1985 की धारा-31 के तहत खाद विक्रय केन्द्रों के उर्वरक प्राधिकार पत्र निरस्त करने का आदेश जारी किया है जिसके अंतर्गत मेसर्स रेवेन्द्र कृषि केन्द्र, ग्राम हथमुड़ी, वि.खं. बेमेतरा । मेसर्स ओम कृषि केन्द्र, ग्राम पड़कीडीह, वि.खं. बेमेतरा । मेसर्स समृद्धि सुमन कृषि केन्द्र, ग्राम खण्डसरा, वि.खं. बेमेतरा शामिल हैं।

## खबर संक्षेप

### मकान से 1.40 लाख की चोरी, अपराध दर्ज

**भिलाई।** छत के सहारे मकान के भीतर प्रवेश कर चोरी करने का मामला सामने आया है। मकान से कुल 8 हजार रुपए का सामान पार किया गया है। दुर्ग कोतवाली पुलिस ने बताया कि पंचशील नगर दुर्ग वार्ड 1 दुर्ग निवासी धर्मेश देशमुख का ग्राम नगपुरा चौक में कृषि केन्द्र का शॉप है। अपने मकान मे ताला जड़कर परिवार समेत ग्राम अंजोरा (ढाबा) गए हुए थे। 26 अगस्त की रात बडे भाई धर्मेन्द्र देशमुख पंचशील नगर स्थित मकान में पहुंचे। तीन आलमारी टुटा हुआ था अज्ञात ने सोने का चेन, गणेश भगवान की सोने का लॉकेट, एक रिंग, नगदी 25 हजार रुपए गायब मिला। वहीं दूसरी चोरी नेवई थाना क्षेत्र की है। सडक क्रास स्ट्रीट 1 प्लाट न 190 प्रगति नगर रिसाली निवासी दिनेश बेजांमिन ने पुलिस को बताया कि पडोसी जयदीप सिंह एक सप्ताह से अमकान में ताला जड़कर केरल गये है। जयदीप सिंह उनके मकान में जाकर देखा तो मकान के कीचन की कुंडी टूटी पड़ी मिली। अज्ञात ने नगद 60 हजार समेत ,सोना,चांदी के जेवरात मोबाइल गायब मिला।

### निगरानीशुदा बदमाश की हत्या या मौत?

**भिलाई।** निगरानीशुदा बदमाश की हत्या करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया है। मिली जानकारी के मुताबिक पुरानी बस्ती कोहका निवासी निगरानीशुदा बदमाश प्रेमलाल चौहान उर्फ प्रेमा का शव उसके घर के बाथरुम में संदिग्ध हालत में पड़ा मिला। मकान का दरवाजा अंदर से बंद था। घर पर मृतक अकेला रहता था। घटना में उसके सिर के पीछे चोट आई है। मौके पर फोरेंसिक एक्टसपर्ट की टीम भी पहुंची थी। जहां बदमाश को चोट आई है हत्या के आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता है। लेकिन मृतक विवाहित है बच्चे उसके नहीं है। चूड़ी लाइन में इसका दुकान है किराए के रकम आने पर अपना जीवन चलाता था। मृतक का नशेड़ी और अपराधियों के साथ बैठना उठना था हो सकता है उनके द्वारा हत्या किया गया होगा। फिलहाल स्मृति नगर पुलिस का कहना है कि संदिग्ध परिस्थिति में हुई है मौत रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो पाएगा।

### तालाब की दीवार ढहने के मामले में कार्य एजेंसी को नोटिस

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा में दो माह पहले बारिश के दौरान दो तालाबों का दीवार ढहने के मामले में खानापूर्ति जारी है। इसे लेकर भिलाई-चरोदा निगम की जमकर किरकिरी हो रही है। मामला सामने आने के बाद निगम प्रशासन ने गंभीरता से लेते हुए ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई कर दीवार को जल्द कंप्लीट करने का नोटिस जारी किया है। लेकिन दो माह बाद भी जांच पूरा नहीं हो पाया है। इसे लेकर आयुक्त ने ईई सुनील जैन, विक्टर वर्मा को भी नोटिस जारी किया था। शांति नगर बंधवा तालाब 1करोड़ रुपए की लागत से सौंदर्यकरण का काम शुरु हुआ था। जिसका ठेकेदार रविन्द्र गेडाम है। शीतला पारा में स्थित बम्नीन तालाब 92 लाख रुपए लागत से काम शुरु हुआ था। जिसका ठेकेदार गोलू चंद्राकर है। दीवार ढहने के बाद आयुक्त डीएस राजपुत ने ठेकेदारों का पेमेंट रोक दिया है। तत्कालीन ईई और सब इंजीनियर के खिलाफ विभागीय जांच शुरु हो गई है। ठेकेदारों को नोटिस जारी कर कहा गया कि दीवार का निर्माण बेहतर ढंग से करे अन्यथा कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा ठेकेदार गोलू, रविन्द्र गेडाम के द्वारा भिलाई-चरोदा क्षेत्र में किए जा रहे विकास कार्यो की जांच शुरु हो गई है।

आइब्रो, मूंछ दाड़ी के बालों का प्रत्यारोपण
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

**बैठक : जिला खनिज संस्थान न्यास शासी परिषद की बैठक**

# स्वीकृत निर्माण कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ समयसीमा में गुणवत्तायुक्त पूर्ण करें : मंत्री दयालदास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



जिला खनिज संस्थान न्यास शासी परिषद की बैठक खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयालदास बघेल एवं साजा विधायक ईश्वर साहू की मौजूदगी में आयोजित हुई। बैठक में जिला खनिज संस्थान के अंतर्गत स्वीकृत सभी महत्वपूर्ण कार्यों के अद्यतन स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक में मंत्री बघेल ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिला खनिज न्यास संस्थान के अंतर्गत स्वीकृत सभी कार्य महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता एवं विकास कार्यों की आवश्यकता के आधार पर निर्माण कार्यों की स्वीकृति दी गई है। उन्होंने अपनी मंशा जाहिर करते हुए कहा कि जिला खनिज संस्थान न्यास के अंतर्गत स्वीकृत सभी कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी कार्य समुचित ढंग से होनी चाहिए। उन्होंने कहा की गुणवत्ता में विशेष ध्यान दें। गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य होने पर संबंधित अधिकारी के प्रति जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि कार्य में तेजी लाएं। कार्य की महत्ता को देखते हुए अविलंब पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने लोक निर्माण विभाग एवं ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के अधिकारियों पर अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि स्वीकृत निर्माण कार्यों में विलंब ना करें। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि किसी भी निर्माण कार्यों में कोई गड़बड़ी ना हो, शासन द्वारा निर्धारित मापदंडों का पालन करें। किसी भी निर्माण कार्य को लेकर भविष्य में कोई समस्या उत्पन्न ना हो, इस बात पर विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए गए। बैठक में साजा विधायक श्री ईश्वर साहू ने शासकीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालयों में संसाधन सुविधा बढ़ाने पर विशेष ध्यान देने कहा। उन्होंने कहा कि इन विद्यालयों में आवश्यकता के अनुसार संसाधन सुविधा बढ़ाने के लिए स्वीकृति दें। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेमलता मंडावी, अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेई, एसडीएम बेमेतरा प्रकाश भारद्वाज एवं अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### लापरवाही होने पर संबंधित अधिकारी होंगे जिम्मेदारः कलेक्टर

बैठक में कलेक्टर रणबीर शर्मा ने बताया कि जिला खनिज संस्थान न्यास के अंतर्गत 60% उच्च प्राथमिकता एवं 40% अन्य प्राथमिकता के कार्यों को स्वीकृति दी गई है। उन्होंने बताया कि प्राथमिकता के आधार पर जनप्रतिनिधियों एवं क्षेत्र की जनता की आवश्यकता को ध्यान में रखकर निर्माण कार्यों की स्वीकृति दी गई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की घोषणा एवं जनप्रतिनिधियों की मांग प्रस्ताव के आधार पर जिला खनिज न्यास संस्थान के अंतर्गत निर्माण कार्यों की स्वीकृति दी गई है। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को कड़ी निर्देश देते हुए कहा कि जिला खनिज न्यास संस्थान के अंतर्गत स्वीकृत निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि कोई भी ऐसा कार्य ना करें, जिससे आपत्ति निर्मित हो। उन्होंने यह भी कहा कि निर्माण कार्यों के लिए खरीदे जाने वाले सामग्रियों में निर्धारित बाजार मूल्य का ध्यान रखें। उन्होंने कहा के निर्माण कार्यों में गुणवत्ता संबंधित विभागीय अधिकारी और निर्माण एजेंसी की है। इसमें किसी प्रकार से समझौता नहीं किया जाएगा। कलेक्टर ने बताया कि जिले में संस्थान के अंतर्गत शिक्षा, स्वास्थ्य पेयजल जैसे अति महत्वपूर्ण कार्यों में राशि की स्वीकृति दी गई है। कलेक्टर श्री शर्मा ने स्पष्ट करते हुए कहा कि निर्माण कार्यों में लापरवाही होने की दशा में संबंधित अधिकारी जिम्मेदार होंगे।

# कुर्सी दौड़ व मटका फोड़ में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा



हरिभूमि न्यूज. बेमेतरा/नारायणपुर

बेमेतरा जिले के नारायणपुर में तीजा-पोरा का त्यौहार बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। गांव की शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में महिलाओं के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सरपंच बिसाहू राम साहू ने तीजा-पोरा को छत्तीसगढ़ में नारी शक्ति और उनके दृढ़ निश्चय का प्रतीक बताया। उन्होंने सभी माताओं और बहनों को निर्जला व्रत रखकर अपने पति और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करने के लिए बधाई दी। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा महिलाओं को रोजगार दिलाने और 'महतारी सदन' जैसी पहल के लिए भी सभी माताओं और बहनों को बधाई दी।

### रोमांचक खेल और विजेताओं का सम्मान

इस आयोजन में कई रोचक खेल शामिल थे, जैसे मटका फोड़, कुर्सी दौड़, चम्मच दौड़, जलेबी दौड़, कबड्डी और गरबा। इन खेलों में बहन-बेटियों के साथ-साथ माताओं और बहुओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे माहौल बेहद रोमांचक हो गया। विजेता प्रतिभागियों को पंचायत द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। **पुरस्कार प्राप्त करने वाले प्रमुख प्रतिभागीः कुर्सी दौड़ः** भुखिन साहू, सुरूची साहू, अनिता साहू, चम्मच **दौड़ः** नीरा साहू, गौरी साहू, नारियल **फेंकः** तारणी साहू, जानकी साहू, भारती साहू, **मटका फोड़ः** महेश्वरी साहू, सुभद्रा साहू, सविता साहू, इस कार्यक्रम में पंचायत के पंचगण और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# राजा गुरु बालकदास जयंती पर आज रक्तदान शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

वीर बलिदानी राजा गुरु बालकदास की जयंती पर जिला सतनामी समाज द्वारा इस वर्ष भव्य और ऐतिहासिक आयोजन की तैयारी की गई है। समाज के पदाधिकारियों के अनुसार यह कार्यक्रम न केवल गुरु बालकदास जी के त्याग, बलिदान और आदर्शों को स्मरण कराने का माध्यम होगा, बल्कि समाज में सेवा और एकता का संदेश भी देगा।

कार्यक्रमों की शुरुआत आज होगी। इस दिन जिला चिकित्सालय परिसर, बेमेतरा में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में समाज के युवाओं सहित बड़ी संख्या में लोग रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश देंगे। आयोजन समिति ने बताया कि रक्तदान जैसे पवित्र कार्य से कई जरूरतमंद मरीजों को जीवनदान मिलेगा। शनिवार 30 अगस्त को कोबिया चौक बेमेतरा से एक विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसमें समाजजन, श्रद्धालु और जिले के नागरिक बड़ी संख्या में शामिल होंगे। शोभायात्रा के दौरान समाज के युवाओं और श्रद्धालुओं द्वारा राजा गुरु बालकदास जी के जीवन संघर्ष, त्याग और आदर्शों का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। नगर के मुख्य मार्गों से गुजरने वाली इस शोभायात्रा में धार्मिक झांकियां भी सजाई जाएंगी, जो उनके जीवन की गाथा को जीवंत करेंगी।

सतनामी समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि गुरु बालकदास जी के बलिदान ने समाज को नई दिशा और प्रेरणा दी है। उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाना ही इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने जिलेवासियों से इन दोनों कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने और आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

# नवागढ़ में कांग्रेस की बैठक, मंडल व सेक्टर कमेटियों के गठन पर जोर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

बेमेतरा - नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र में गुरुवार को कांग्रेस पार्टी की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस दौरान संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से मंडल कमेटी और सेक्टर कमेटी के गठन पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में पूर्व मंत्री गुरु रुद्र कुमार प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि मंडल और सेक्टर स्तर पर संगठन को मजबूत करने से ही पार्टी की जड़ें मजबूत होंगी। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। इस बैठक में बेमेतरा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आशीष छाबड़ा, सभी ब्लॉक अध्यक्ष और प्रभारी सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे। बैठक के दौरान आगामी रणनीति पर भी विचार-विमर्श किया गया और कार्यकर्ताओं ने पार्टी को मजबूत करने के लिए सक्रियता बढ़ाने का संकल्प लिया।

### शिवसेना महासचिव ने तहसीलदार व एसडीएम विभाग पर साधा निशाना

**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ - शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे पार्टी के प्रदेश महासचिव दाऊ राम चौहान ने थानखमरिया तहसील न्यायालय और साजा अनुविभागीय राजस्व न्यायालय की कार्यप्रणाली पर गंभीर आपत्ति जताई है। चौहान ने आरोप लगाया है कि थानखमरिया तहसील न्यायालय से अपील प्रकरणों का निपटारा होने के बाद भी संबंधित दस्तावेज समय पर साजा अनुविभागीय न्यायालय नहीं भेजे जा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, कई अपीली फाइलें डेढ़ से दो साल बीत जाने के बाद भी साजा न्यायालय तक नहीं पहुंची हैं, जिससे आम जनता को न्याय मिलने में देरी हो रही है। उन्होंने कहा कि इस तरह की लापरवाही से लोगों का न्यायिक व्यवस्था पर से विश्वास उठ रहा है। चौहान ने तहसील और राजस्व विभाग के अधिकारियों से मांग की है कि सभी लंबित मामलों का निपटारा तय समय-सीमा के भीतर किया जाए, ताकि जनता को जल्द से जल्द न्याय मिल सके।

# अवैध शराब परिवहन करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार



**बेमेतरा।** परपोडी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो युवकों को अवैध शराब के साथ पकड़ा है। 27 अगस्त को परपोडी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम सुवरतला निवासी अजय साहू अपने साथी रंजित पारधी के साथ मोटरसाइकिल से बिक्री के लिए शराब लेकर जा रहा है।

सूचना पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर दोनों को पकड़ा। तलाशी में उनके कब्जे से 105 पौवा देशी प्लेन शराब 18,900 एमएल कीमत 8,400 रुपये बरामद हुई। साथ ही परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जिसकी कीमत करीब 80 हजार रुपये बताई जा रही है, जब्त की गई। पुलिस ने आरोपियों अजय साहू (28 वर्ष) पिता जितेन्द्र साहू एवं रंजित पारधी (19 वर्ष) पिता धन्नू पारधी, दोनों निवासी सुवरतला थाना साजा, के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की है। जब्त माल की कुल कीमत लगभग 88,400 रुपये आंकी गई है। कार्रवाई में थाना प्रभारी परपोडी उप निरीक्षक डी.एल. सोना, प्रधान आरक्षक येमन बघेल, आरक्षक पियूष सिंह, मुकेश पाल एवं रमेश चंद्रवंशी सहित पुलिस टीम का सराहनीय योगदान रहा।

# जिले में 29 से 31 अगस्त तक होंगे विविध कार्यक्रम

**बेमेतरा।** मेजर ध्यानचंद की जयंती 29 अगस्त को पूरे देश में राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है। वर्ष 2019 में इसी दिन प्रधानमंत्री द्वारा फिट इंडिया मूवमेंट का शुभारंभ किया गया था। इसी तारतम्य में भारत सरकार के निर्देशानुसार आज 29 से 31 अगस्त तक राष्ट्रव्यापी स्तर पर विविध खेल एवं फिटनेस गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। भारत सरकार के निर्देशों के अनुपालन में जिले में भी 29 से 31 अगस्त तक संलग्न मार्गदर्शिका के अनुसार खेल एवं फिटनेस गतिविधियों का प्रभावी और गरिमामयी आयोजन किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित हो सके। जारी कार्यक्रम अनुसार 29 अगस्त को कार्यक्रम की शुरुआत सुबह की सभा में मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि अर्पित करने, फिट इंडिया शपथ तथा 60 मिनट की खेल गतिविधियों से होगी। इसी दिन संसद खेल महोत्सव का औपचारिक शुभारंभ सांसद दुर्ग संभाग श्री विजय बघेल के करकमलों से संबंधित संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के मुख्यालयों में किया जाएगा। 30 अगस्त को विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में वाद-विवाद प्रतियोगिता, फिटनेस टॉक और स्थानीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। 31 अगस्त को साइकिल रैली का आयोजन किया जाएगा। जिले में पारंपरिक एवं आधुनिक खेलों की प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाएंगी, जिनमें रस्साकशी, दौड़, कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, क्रिकेट, बैडमिंटन, तीरंदाजी, शतरंज जैसे खेल शामिल हैं। वहीं वरिष्ठ नागरिकों के लिए 300 मीटर चाल, 1 किमी पैदल चाल, योग एवं स्वास व्यायाम जैसी विशेष गतिविधियां रखी गई हैं। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कारस्वरूप कप, टी-शर्ट और प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे।

# एनएचएम कर्मियों ने आसमान में मांगों से लिखे गुब्बारे उड़ाकर किया प्रदर्शन

हरिभमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- जयस्तम्भ चौक पर 11वें दिन भी जारी रहा आंदोलन
- रायपुर में आज निकाली जाएगी गारंटी खोज



राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मी अपनी 10 सूत्रीय मांगों पर जिले के लगभग 400 और पूरे प्रदेश में 16000 हजार कर्मचारी लगातार 11वें दिन भी आंदोलनरत हैं और धरना प्रदर्शन पर डटे हुए हैं। आंदोलन को प्रभावी बनाने के लिए प्रतिदिन विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्षित किया जा रहा है। कर्मचारियों ने बताया कि 29 अगस्त को रायपुर में मोदी की गारंटी खोज अभियान रैली निकालकर जोरदार प्रदर्शन किया जाएगा। कर्मचारियों का कहना है कि सरकार उनकी 10 में से केवल 5 मांगों के पूर्ण होने का दावा कर रही है, लेकिन अब तक कोई आधिकारिक आदेश जारी नहीं हुआ है। उन्होंने इस दावे को झूठा प्रचार बताते हुए आरोप लगाया कि स्वास्थ्य मंत्री को अधिकारी गुमराह कर रहे हैं। मंत्री ने बिना किसी लिखित आदेश के भ्रामक बयान जारी किए हैं। एनएचएम कर्मचारी संघ ने इस धोखे के विरोध में आंदोलन को और उग्र करने का निर्णय लिया है। शासकीय अस्पतालों में वर्षों से सेवाएँ दे रहे इन कर्मचारियों की स्थिति देखकर आम जनता भी सहानुभूति व्यक्त कर रही है। सरकार से तत्काल सभी मांगें पूरी करने की अपील कर रही है। स्वास्थ्य मंत्री के बयानों से कर्मचारियों में गहरा आक्रोश है और जिला स्तर से लेकर रायपुर में बड़े प्रदर्शन की तैयारी की जा रही है। संघ का स्पष्ट कहना है, जब तक 10 सूत्रीय मांगों पर लिखित आदेश जारी नहीं होता, तब तक आंदोलन अनवरत जारी रहेगा। इस बीच शासकीय अस्पतालों के ताले लगे हुए है। दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों से लेकर शहरी इलाकों तक मरीज इलाज के लिए भटक रहे है। अस्पतालों में भीड़ लगातार बढ़ रही है। बताया जा रहा है कि जीवन दीप समिति के कर्मचारियों पर ड्यूटी का अनुचित दबाव डाला जा रहा है जबकि वे केवल सहयोगी के रूप में कार्यरत हैं और उन्हें इस काम का पर्याप्त प्रशिक्षण भी नहीं मिला है। कई अस्पतालों में सूचना बोर्ड लगाए गए हैं, जिनमें मरीजों से असुविधा के लिए खेद प्रकट किया गया है।

### कर्मचारियों को किया जा रहा गुमराह

एनएचएम कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष पूरन दास एवं जिला प्रवक्ता बृजेश दुबे ने कहा इस स्थिति के लिए सरकार खुद जिम्मेदार है। अड़ियल रवैया छोड़कर संवाद करें और कर्मचारियों की 10 सूत्रीय मांगें पूरी करें। दिनेश गंगबेर ने बताया कि कर्मचारियों ने यह भी आरोप लगाया कि पिछले 20 महीनों में 150 से अधिक आवेदन और निवेदन देने के बावजूद सरकार ने नियमितीकरण, ग्रेड पे और लंबित 27% वेतन वृद्धि जैसी फाइलों को रोककर रखा है और कर्मचारियों को लगातार गुमराह कर रही है।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में डॉ. अभिषेक यादव, डॉ. सुमित मिश्रा, डॉ. डोमन यादव, डॉ. निलेश देवागन, प्रमोद साहू, दिनेश गंगबेर, डॉ. तृप्ति दुबे, गुलाब साहू, किरण सिंहा, गोदावरी वर्मा, नेतराम साहू, तुकेश्वरी साहू, दामनी वर्मा, हेमलता कुर्रे सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।

**समाज धर्म, नीति और आदर्शों की अमूल्य धरोहरः तिवारी**

# ग्राम टकसीवा में कोसरिया समाज सम्मेलन संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला



ग्राम टकसीवा में कोसरिया यादव समाज, बेरला परिक्षेत्र के तत्वावधान में सामाजिक सम्मेलन का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास और धार्मिक वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी का समाजजनों द्वारा शॉल एवं श्रीफल भेंटकर गरिमामय सम्मान किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना और आरती के साथ हुई। मुख्य अतिथि तिवारी ने भगवान श्रीकृष्ण के चरणों में पुष्प अर्पित कर समाजजनों को शुभकामनाएं दीं। अपने उद्बोधन में श्री तिवारी ने कहा कि "समाज गंगा का जीवन धर्म, नीति और आदर्शों की अमूल्य धरोहर है। उनके उपदेश समाज में एकता, भाईचारे और धर्म रक्षा की प्रेरणा देते हैं। ऐसे सामूहिक आयोजन समाज की संस्कृति को जीवित रखते हैं और नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ते हैं।" उन्होंने यादव समाज को गौवंश का सच्चा रक्षक बताते हुए समाज में संगठन और एकता की आवश्यकता पर बल दिया। सम्मेलन में समाज के प्रमुख पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे। मंच पर मनरहण यादव (अध्यक्ष, बेरला), ज्योति खेमराज साहू (सरपंच), राजेश निर्मलकर (उप सरपंच), अश्वनी यादव, श्यामू यादव, रोहित यादव, कृष्ण बंजारे, गुन्नू राम साहू, संतोष निर्मलकर, रविंद्र यादव, संतोष यादव, डोमन यादव, तिलक राम साहू, जगदीश प्रसाद कुर्रे, भागवत यादव, धानु यादव एवं गजेंद्र यादव सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### किसी को न हो संदेह, इसलिए प्रेमी के साथ पति की हत्या कर शव 15 किमी दूर फेंका, दोनों गिरफ्तार

**भिलाई।** प्रेमी के साथ मिलकर पत्नी ने अपने ही पति की हत्या कर शव को 15 कमी दूर फेंक कर फरार हो गए। घटना में प्रेमी और पत्नी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। खुलासा करते हुए एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि चौकी नगपुरा में स्थित आंवला बाड़ी में 24 अगस्त को एक शव बरामद हुआ था। जिसका शिनाख्त पुलिस ने धनेश ठाकुर के रुप में हुई, जिसकी उम्र 40-45 वर्ष थी। पुलिस के शॉर्ट पीएम में पता चला कि धनेश को किसी ठोस वस्तु से चोट पहुचाई गई है। पुलिस जांच में जुट गई। एसीसीयू और पुलगांव थाने की संयुक्त टीम को मुखबिर की सूचना पर पूछताछ किया। पुलिस को पता चला कि मृतक धनेश ठाकुर की पत्नी अंजनी ठाकुर का प्रेम वार्ड 34 सरस्वती नगर दुर्ग कोतवाली निवासी हरपाल सिंह राजपूत उर्फ छोटू के साथ है। अंजनी ठाकुर के घर युवक का आना जाना और घनिष्ठता होने की खबर पुलिस को मिली। संदेही हरपाल सिंह राजपुत से पूछताछ करने पर मृतक धनेश ठाकुर की पत्नी अंजनी ठाकुर से 25 वर्षों से प्रेम संबंध होना स्वीकार किया। अंजनी का पति धनेश ठाकुर शराब पीने का आदी था। पिछले दो माह से काम पर नहीं जा रहा था।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 14,500/-
9 रात व 10 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
श्री त्रियुगीनारायण-(भगवान शिव व माता पार्वती का विवाह स्थल )
श्री तुंगनाथ महादेव- (विश्व का सर्वोच्च शिव मंदिर-चंद्रशिला चोटी के पास)
6 सितंबर, 17 सितंबर, 29 सितंबर, 5 अक्टूबर 2025, 4 मई 2026
अन्य दर्शन- काशीविश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन, (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग) माना गांव-भारत का अंतिम गांव, धारी देवी, चोपता
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 14,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411